# Daily Current Affairs

Date : 18 November, 2025

# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | उत्तर क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक |
| 2. | यलो फीवर और एडल्ट वैक्सीनेशन की नई आउटडोर सुविधा शुरू |
| 3. | विश्व गुरु दीप आश्रम शोध संस्थान |
| 4. | प्रदेश में पहली बार टाइगर, पैंथर समेत प्रजातियों के दस वन्यजीव गोद लिए गए |
| 5. | ग्लोबल टाई समिट के लिए टाई राजस्थान ने मध्यप्रदेश सरकार से साझेदारी की |
| 6. | राजकॉप सिटीजन ऐप को करीब 20 लाख लोगों ने डाउनलोड किया |
| 7. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. शतरंज की नन्हीं परी तीशा; कॉमनवेल्थ में जीता गोल्ड व ब्रॉन्ज |
| 8. | अंबाजी संगमरमर को जीआई टैग |
| 9. | 5वाँ लेखापरीक्षा दिवस |
| 10. | होर्मुज जलडमरूमध्य |
| 11. | ऑपरेशन साउथर्न स्पीयर |
| 12. | कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन |
| 13. | विदेश मंत्री की कतर यात्रा |
| 14. | तुर्काना झील |
| 15. | जलवायु एवं प्रकृति वित्त मंच |
| 16. | बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती |
| 17. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. सालूमारदा थिम्मक्क |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### उत्तर क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक

**चर्चा में क्यों?**

- फरीदाबाद में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक का आयोजन हुआ।




**मुख्य बिन्दु:**

- राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में पीएम कुसुम योजना कंपोनेंट-ए एवं कंपोनेंट-सी में 2 हजार 215 मेगावाट क्षमता के विकेंद्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं और 2024-25 तक 29.5 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित कर चुकी है।
- आरडीएसएस के तहत 33 केवी के 151 सब स्टेशनों का निर्माण पूर्ण और 11 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।
- कृषि के लिए दिन में बिजली देने का संकल्प सफलतापूर्वक पूरे 22 जिलों में लागू हो रहा है।
- समेकित प्रयासों से एटी एण्ड सी लॉस 2023-24 के 21.81 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 15.27 प्रतिशत रह गए है।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राज्य में पुलिस मोबाइल यूनिटों की संख्या बढ़ाने से औसत प्रतिक्रिया समय 21 मिनट से घटकर अब लगभग 13 मिनट पर आ गया है।
- विश्व की वृहद अन्न भंडारण योजना के प्रथम चरण में 500 मीट्रिक टन क्षमता के 70 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण कर राज्य देश में प्रथम स्थान पर है।
- भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता प्राप्त करने में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान।
- गिव अप अभियान के तहत लगभग 45 लाख सक्षम लोगों ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपना लाभ छोड़ा है। साथ ही, लंबे समय से ई-केवाईसी नहीं करवाए जाने पर 27 लाख व्यक्तियों के नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की सूची से हटाये गए हैं। इन प्रयासों से पात्र वंचितों का चयन कर लगभग 70 लाख जरूरतमंद लाभार्थियों को योजना का लाभ देना प्रारंभ किया गया है।
- प्रदेश में स्वास्थ्य बीमा के तहत 88% आबादी कवर हुई कवरेज हो चुका है, जो देश में सबसे अधिक है।
- भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्यों की संख्या 2 से बढ़ाकर 4 करने से राजस्थान को लाभ मिला है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि पौंग बांध को 1 हजार 400 फीट तक भरने के लिए सतलुज और व्यास के डाउनस्ट्रीम जलप्रवाह का डिजिटल एलिवेशन मॉडल तैयार करने की आवश्यक कार्यवाही की जाए।
- मकौरा पट्टन के नीचे बनने वाले बैराज से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त जल को 1981 के समझौते के तहत राजस्थान के साथ साझा किया जाए। पंजाब द्वारा भाखड़ा मेन लाइन पर लघु जलविद्युत परियोजनओं से उत्पन्न होने वाली बिजली को राजस्थान के साथ साझा करने तथा हथिनीकुंड बैराज से लाए जाने वाले पानी के कार्य को रेणुकाजी, लखवार और किशाऊ राष्ट्रीय परियोजनाओं का अंग मानकर वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में भी अनुरोध किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :**

- **क्षेत्रीय परिषदें:** ये राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के तहत स्थापित वैधानिक निकाय हैं।
- पाँच क्षेत्रीय परिषदें हैं (उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी)। इनका उद्देश्य अंतरराज्यीय सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है। प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद का नेतृत्व केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं, और घटक राज्यों के मुख्यमंत्री बारी-बारी से उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक अलग परिषद है, जिसे पूर्वोत्तर परिषद कहा जाता है, जिसकी स्थापना 1972 में पूर्वोत्तर परिषद अधिनियम, 1972 के तहत की गई थी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# यलो फीवर और एडल्ट वैक्सीनेशन की नई आउटडोर सुविधा शुरू

## चर्चा में क्यों?

- एसएमएस अस्पताल में यलो फीवर और एडल्ट वैक्सीनेशन की नई आउटडोर सुविधा शुरू की गई है।

## मुख्य बिन्दु:

- यह सुविधा धन्वंतरि ब्लॉक की पहली मंजिल पर, रूम नं. 130 से 133 में चलेगी। वैक्सीनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है और शुल्क देना होगा।
- यह वैक्सीन अफ्रीका और दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा के लिए अनिवार्य है। वैक्सीनेशन के बाद अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

### अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :

- यलो फीवर एक वायरल संक्रामक रोग है, जो एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, और गंभीर मामलों में यकृत एवं गुर्दे की क्षति हो सकती है।
- यह रोग विशेषकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है और रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी उपाय है।
- वैक्सीन एक खुराक में दी जाती है, जो लगभग जीवन भर सुरक्षा प्रदान करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व गुरु दीप आश्रम शोध संस्थान

## चर्चा में क्यों?

- विश्व गुरु दीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से ज्ञान भारत मिशन के तहत क्लस्टर सेंटर के रूप में अधिकृत किया गया है।



## मुख्य बिन्दु:

- संस्थान को पांडुलिपियों के संरक्षण, संवर्धन, शोध और डिजिटलाइजेशन के कार्यों का संचालन करने की औपचारिक अनुमति मिली है।
- संस्थान के अध्यक्ष स्वामी महेश्वरानंद महाराज के शिष्य एवं उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी ने दिल्ली में ज्ञान भारतम् मिशन के मुख्यालय में एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- यह संस्थान राजस्थान के विभिन्न जिलों में पांडुलिपि खोज, सूचीकरण, संरक्षण, शोध अध्ययन और प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यापक रूप से संचालित करेगा। संस्थान का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और विरासत की रक्षा एवं प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान को आधुनिक युग के अनुरूप समृद्ध करना है।
- यह शोध संस्थान राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के साथ संबद्ध है और राजस्थान संस्कृत अकादमी द्वारा मान्यता प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रदेश में पहली बार टाइगर, पैंथर समेत प्रजातियों के दस वन्यजीव गोद लिए गए

## चर्चा में क्यों?

- कोटा बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीव संरक्षण के लिए बड़ी पहल की गई, जिसमें एनटीपीसी ने पाँच प्रजातियों के दस वन्यजीव गोद लिए।







## मुख्य बिन्दु:

- इन वन्यजीवों में टाइगर, पैंथर, हायना समेत अन्य प्रजातियाँ शामिल हैं। स्वास्थ्य, भोजन, दवाइयों और निवास की देखभाल का जिम्मा एनटीपीसी ने एक वर्ष के लिए लिया है।
- यह राजस्थान में पहली बार हुई इतनी बड़ी संख्या में वन्यजीव गोद लेने की पहल है।
- इसके साथ ही एनटीपीसी ने 1500 पौधे लगाने के लिए 10.50 लाख रुपये का सहयोग भी दिया है, जो पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा।
- वन्यजीव संरक्षण की इस योजना को कैप्टिव एनिमल स्पॉन्सरशिप कहा जाता है, जो वन विभाग द्वारा संचालित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ग्लोबल टाई समिट के लिए टाई राजस्थान ने मध्यप्रदेश सरकार से साझेदारी की

## चर्चा में क्यों?

- टाई राजस्थान ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ साझेदारी की है ताकि ग्लोबल टाई समिट (टीजीएस)-2026 में उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाई जा सके।



## मुख्य बिन्दु:

- ग्लोबल टाई समिट (टीजीएस)-2026 एक प्रमुख वार्षिक आयोजन है जो राजस्थान के जयपुर में 4 से 6 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य तकनीक, निवेश, और उद्यमिता के क्षेत्र में वैश्विक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है। इस समिट में दुनिया भर से 10,000 से अधिक उद्यमी, 500 से ज्यादा निवेशक, और 100 से अधिक वैश्विक वक्ता भाग लेंगे।
- इस कार्यक्रम के तहत कई महत्वपूर्ण सत्र, नेटवर्किंग मौके, स्टार्टअप शोकेस, पिच सेशन, गेमिंग हैकाथॉन, महिला उद्यमिता सेमीफाइनल, और फिल्म फेस्टिवल जैसे आकर्षक आयोजन होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- समिट का मकसद टियर-2 और टियर-3 शहरों के स्टार्टअप्स समेत सभी उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मंच देना और निवेश के अवसर प्रदान करना है। यह आयोजन राजस्थान को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का नया हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- मध्यप्रदेश सरकार के साथ की गई साझेदारी से मध्यप्रदेश का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी सीधे इस समिट से जुड़ सकेगा, जिससे क्षेत्रीय नवाचार और उद्यमिता को और बल मिलेगा।

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :**


- ग्लोबल टाई समिट (टीजीएस)-2026 का आयोजन टाई राजस्थान करवा रहा है, जो एक गैर-लाभकारी संस्था है और उद्यमियों, निवेशकों, और व्यवसायियों को जोड़ने का काम करती है। यह संस्था टेक्नोलॉजी, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रदेशों में समिट, नेटवर्किंग इवेंट्स, और इनक्यूबेशन प्रोग्राम्स आयोजित करती है।
- यह आयोजन टाई राजस्थान, राजस्थान सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से हो रहा है, जिसका उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सशक्त बनाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजकॉप सिटीजन ऐप को करीब 20 लाख लोगों ने डाउनलोड किया

## चर्चा में क्यों?

- राजकॉप सिटीजन ऐप राजस्थान पुलिस द्वारा विकसित एक निःशुल्क मोबाइल एप्लिकेशन है, जो राजस्थान के नागरिकों को विभिन्न पुलिस और सरकारी सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करता है। राजकॉप सिटीजन ऐप को करीब 20 लाख लोगों ने डाउनलोड किया हैं, यह ऐप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों के लिए उपलब्ध है। यह ऐप नागरिकों और अधिकारियों के बीच की दूरी को कम करने, सार्वजनिक सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **आपातकालीन सहायता (SOS):** "Need Help" या राजकॉप SOS सुविधा के माध्यम से गंभीर स्थितियों में तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करता है, जो त्वरित प्रतिक्रिया के लिए उपयोगकर्ता के स्थान का पता लगाने में मदद करता है।
- **शिकायत पंजीकरण और स्थिति:** उपयोगकर्ताओं को नई शिकायतें दर्ज करने और ऐप के भीतर उनकी वर्तमान स्थिति को ट्रैक करने की अनुमति देता है।
- **FIR तक पहुँच:** नागरिक अपनी दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) की प्रतियाँ देख सकते हैं, उन तक पहुँच सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं, सिवाय उन मामलों के जो कानून द्वारा प्रतिबंधित हैं (जैसे यौन अपराधों में पीड़ितों की पहचान से संबंधित मामले।
- **सत्यापन (Verifications):** किरायेदार/नौकर सत्यापन और चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को सरल बनाता है।
- **हेल्पलाइन:** बाल, महिला, साइबर अपराध, और टेली मानस जैसे विशिष्ट मुद्दों के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों तक पहुँच प्रदान करता है।
- **निकटतम पुलिस स्टेशन खोजें:** उपयोगकर्ताओं को उनके वर्तमान स्थान से निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने में मदद करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शतरंज की नन्हीं परी तीशा; कॉमनवेल्थ में जीता गोल्ड व ब्रॉन्ज**  ■ **तीशा ब्याडवाल ने कुआलालम्पुर, मलेशिया में आयोजित कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-8 कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने ब्लिट्ज राउंड में गोल्ड मेडल और क्लासिकल राउंड में ब्रॉन्ज मेडल जीता। तीशा जयपुर की प्रताप नगर की निवासी हैं।** |

SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## अंबाजी संगमरमर को जीआई टैग

### चर्चा में क्यों?

- अम्बाजी संगमरमर को केंद्र सरकार द्वारा भौगोलिक संकेत टैग (जीआई टैग) प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र केंद्र सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा दिया जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

- **उत्पादन:** गुजरात के बनासकांठा जिला।
- **मुख्य विशेषताएँ:** दूधिया सफेद रंग, प्राकृतिक सौंदर्य और टिकाऊपन। इसका उपयोग मंदिरों, स्मारकों और भव्य इमारतों में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

#### भौगोलिक संकेतक (GI Tag)

- **अर्थ:** यह एक प्रमाणीकरण है। इस टैग ऐसे उत्पादों को दिया जाता है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है। इसी उत्पत्ति के कारण इन उत्पादों में विशिष्ट गुण होता है।
- **अधिनियम:** यह वस्तुओं का भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत प्रदान किया जाता है।
- **वैधता:** 10 वर्ष

#### जीआई टैग प्राप्त करने का महत्व

- जीआई टैग न केवल उत्पाद की पहचान और प्रामाणिकता की रक्षा करता है, बल्कि इसके बाजार मूल्य और निर्यात क्षमता को भी बढ़ाता है।
- जीआई टैग से अंबाजी संगमरमर को वैश्विक बाजारों में एक विशिष्ट ब्रांड पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे भारत और विदेशों में मांग बढ़ेगी तथा स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा मिलेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 5वाँ लेखापरीक्षा दिवस

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत के उपराष्ट्रपति ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की स्थापना और विरासत को याद करते हुए 5वें लेखापरीक्षा दिवस समारोह के दौरान 'सार्वजनिक खजाने के संरक्षक' के रूप में उनकी सराहना की।

## मुख्य बिन्दु:

### भारत के लेखा परीक्षा संस्थान की उत्पत्ति:

- इसकी शुरुआत 1858 में हुई, जब महालेखाकार के नेतृत्व में एक समर्पित विभाग बनाया गया था।
- **भारत सरकार अधिनियम, 1858:** इसने शाही आय और व्यय का वार्षिक बजट पेश करने की एक नई प्रणाली (1860) लाई , जिसने शाही लेखा परीक्षा की नींव रखी ।
- **प्रथम महालेखा परीक्षक:** सर एडवर्ड ड्रमंड 16 नवंबर 1860 को भारत के प्रथम महालेखा परीक्षक बने , जिसके साथ भारत में संस्थागत लेखा परीक्षा की औपचारिक शुरुआत हुई।
- तब से 16 नवम्बर को ऑडिट दिवस के रूप में मनाया जाता है ।
- **स्वतंत्रता के बाद विकास:** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) को 1950 में भारत के संविधान को अपनाने के साथ एक संवैधानिक प्राधिकरण के रूप में मान्यता दी गई ।

### 5वें लेखापरीक्षा दिवस (2025) की मुख्य विशेषताएँ

- **विषय:** 'सार्वजनिक खजाने का संरक्षक', जो सीएजी की स्थापना के 166वें वर्ष को चिह्नित करता है।
- लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का उद्देश्य सुशासन का समर्थन करना और कार्यकारी जवाबदेही को मजबूत करना, तथा सुधार, दूरदर्शिता और नवाचार का एक अग्रदर्शी साधन बनना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

### होर्मुज जलडमरूमध्य

**चर्चा में क्यों?**

- **ईरानी सेना ने हाल ही में मार्शल द्वीप समूह के झंडे वाले एक तेल टैंकर को उस समय जब्त कर लिया, जब वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था।**




**मुख्य बिन्दु:**

- **यह एक संकीर्ण जलडमरूमध्य (33 किमी चौड़ा) है जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।**
- **इसके उत्तर में ईरान, दक्षिण में ओमान (मुसन्दम प्रायद्वीप) स्थित है।**
- **सामरिक महत्व: यह वैश्विक तेल पारगमन में एक महत्वपूर्ण अवरोध बिंदु है, जहां से प्रतिदिन विश्व का लगभग पांचवां पेट्रोलियम गुजरता है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑपरेशन साउथर्न स्पीयर

## चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राज्य अमेरिका नार्को आतंकवाद के खिलाफ कैरेबियन सागर में ऑपरेशन सदर्न स्पीयर संचालित कर रहा है। इस ऑपरेशन के हिस्से के रूप में लड़ाकू जेट और निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक पोत एनेगाडा पैसेज से गुज़रे हैं।

## मुख्य बिन्दु:

### एनेगाडा पैसेज




- **अवस्थिति:** यह वेस्ट इंडीज में एक चैनल है, जो अटलांटिक महासागर को कैरेबियन सागर से जोड़ता है।
- यह 65 किलोमीटर चौड़ा है और ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह (पश्चिम) को लीवार्ड द्वीप समूह (दक्षिण-पूर्व) से अलग करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन

## चर्चा में क्यों?

- कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) ने 8वीं उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डीएनएसए) स्तर की बैठक के दौरान बांग्लादेश का पांचवें सदस्य राज्य के रूप में आधिकारिक तौर पर स्वागत किया।

## मुख्य बिन्दु:

- कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की स्थापना 2020 में की गई थी, जब भारत, श्रीलंका और मालदीव समुद्री सहयोग पर अपनी त्रिपक्षीय बैठक के दायरे का विस्तार करने पर सहमत हुए थे।
- **उद्देश्य:** साझा चिंता के अंतरराष्ट्रीय खतरों और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करके क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देना।
- **सदस्य:** भारत, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस और बांग्लादेश। सेशेल्स एक पर्यवेक्षक राष्ट्र है।
- **सहयोग के स्तंभ:** समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध से मुकाबला, साइबर सुरक्षा एवं मानवीय सहायता तथा आपदा राहत।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विदेश मंत्री की कतर यात्रा

## चर्चा में क्यों?

- विदेश मंत्री ने कतर के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की और ऊर्जा एवं व्यापार के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की।




## मुख्य बिन्दु:

### भारत-कतर संबंध

- **रणनीतिक साझेदारी:** 2025 में भारत और कतर ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारत की वर्तमान में खाड़ी सहयोग परिषद के चार अन्य सदस्यों - संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, ओमान और कुवैत के साथ रणनीतिक साझेदारी है।
- **आर्थिक और व्यापार संबंध:** कतर भारत को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का सबसे बड़ा प्रदाता है। वर्तमान वार्षिक व्यापार 14.08 बिलियन डॉलर का है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## तुर्काना झील

### चर्चा में क्यों?

- शोधकर्ताओं के अनुसार तुर्काना झील के जल स्तर में दीर्घकालिक जलवायु-प्रेरित गिरावट के कारण पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली में भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियाँ बढ़ गई हैं।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

### तुर्काना झील

- यह मुख्यतः उत्तरी केन्या में स्थित है, तथा इसका उत्तरी छोर इथियोपिया तक फैला हुआ है।
- यह पूर्वी अफ्रीका की सबसे अधिक खारी झील है और विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील है, जो शुष्क, अलौकिक परिदृश्य से घिरी हुई है, जो प्रायः जीवन से रहित है।
- यह अफ्रीका की चौथी सबसे बड़ी झील है, जिसे जेड सागर कहा जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जलवायु एवं प्रकृति वित्त मंच

## चर्चा में क्यों?

- ब्राजील के बेलेम में आयोजित COP30 में भारत ने 13 देशों और अफ्रीकी द्वीपीय राज्य जलवायु आयोग (AISCC) के साथ मिलकर राष्ट्रीय "जलवायु एवं प्रकृति वित्त मंच" की घोषणा की। इस प्लेटफार्म का समन्वय ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ) के माध्यम से किया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

### ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ)

- ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ) दुनिया का सबसे बड़ा समर्पित बहुपक्षीय जलवायु कोष है, जिसकी स्थापना 2010 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के तहत की गई थी।
- इसकी स्थापना विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन और शमन गतिविधियों में सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी।
- जीसीएफ अनुच्छेद 9 के अनुसार पेरिस समझौते के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय है, जो विकासशील देशों को उनके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) और जलवायु लचीलापन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करता है।
- इसका वित्तपोषण मुख्यतः विकसित देशों के स्वैच्छिक योगदान से होता है, तथा इसमें निजी क्षेत्र और अन्य स्रोतों से अतिरिक्त सहायता भी मिलती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

### चर्चा में क्यों?

- 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरकार ने इस दिन को 2021 में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में नामित किया है।

### मुख्य बिन्दु:

**बिरसा मुंडा**

- उनका जन्म 1874 में झारखंड के उलिहातु गाँव में हुआ था और वे एक आध्यात्मिक सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें धरती आबा (पृथ्वी के पिता) के नाम से जाना जाता है।
- उन्होंने उलगुलान या महान उथल-पुथल (1899-1900) (मुंडा विद्रोह) का नेतृत्व किया, जो आदिवासी स्वशासन और खुंटकट्टी (सामुदायिक भूमि अधिकार) की बहाली के लिए एक उग्र आंदोलन था।
- उन्होंने ब्रिटिश भूमि कानूनों और सामंती शोषण के खिलाफ मुंडा जनजातियों को एकजुट किया।
- विद्रोह को आदिवासी प्रतिरोध में एक ऐतिहासिक घटना के रूप में देखा जाता है और अंततः आदिवासी भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए 1908 के छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी अधिनियम) जैसे विधायी परिवर्तनों को प्रेरित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **सालूमारदा थिम्मक्क**<br>■ भारत के सम्मानित पर्यावरणविदों में से एक पद्मश्री पुरस्कार विजेता सालूमरदा थिमक्का का निधन।<br>■ उन्होंने कर्नाटक की वनीकरण नीतियों को प्रभावित किया और भारत में कई वृक्षारोपण आंदोलनों को प्रेरित किया । |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR